पंचदश विद्या विचार-धारा के प्रारूप में आवंटित
प्रपत्रों [illegible] से संबंधित

वर्ग-1

(1) पंचदश विद्या विचार-धारा के प्रारूप में आवंटित
प्रपत्र - 11

वर्ग-2

(2) " "

कुल 07 (सात) आवंटित प्रपत्र

वर्ग-3

(3) " " 38 आवंटित

प्रपत्र - वर्ग-4

(4) " " " 23 आवंटित

प्रपत्र

वर्ग-5

(5) " " " कुल 15 आवंटित

प्रपत्र 25

उपर्युक्त पंचदश वि. वि.धा. के प्रारूप में [illegible] के लिए (1) से (5) तक के प्रपत्रों को प्राप्त किया।
राजकुमार
20/9/13

पंचदश बिहार विधान सभा के आरम्भ सत्र के अतारांकित प्रश्नों को वेबसाइट पर डालने के संबंध

प्रश्नवर्ग-1

(1) पंचदश बिहार विधान सभा के आरम्भ सत्र के प्रथम अतारांकित प्रश्न कुल -37

वर्ग - 2

(2) " " " " अतारांकित

कुल 53 प्रश्न

वर्ग - 3

(3) " " " "

अतारांकित प्रश्न कुल 381

वर्ग-4

(4) " " " " "

कुल 93 अतारांकित प्रश्न

वर्ग -5

(5) " " " कुल 151

अतारांकित प्रश्न

उपर्युक्त पंचदश बि. वि. स. के अतारांकित प्रश्नों वर्ग-1 से 5 के प्रश्नों को [illegible] किया [illegible]

[illegible] 13

अशोक स्तंभ

सत्यमेव जयते

पंचदश बिहार विधान-सभा के प्रथम सत्र में स्वीकृत अतारांकित प्रश्न

वर्ग-1

कुल प्रश्नों की संख्या - 11

क्रमांक	विभाग का नाम	प्रश्नों की संख्या	पृष्ठांक
1	गृह विभाग	06	
2	अल्पसंख्यक कल्याण	01	
3	कारा	01	
4	गन्ना उद्योग	01	
5	उद्योग	01	
6	निर्वाचन	01	
		कुल = 11	

पंचदश बिहार विधान के दशम सत्र में सूचना 11 (उपा(i)) के तालिका

पत्र :-

वर्ग-1

क्रमांक	सांकेतिक चिन्ह	माननीय सदस्य का नाम	संबंधित विषय	प्राप्ति/दिनांक	पृष्ठ
		गृह विभाग			
1	ग-1	डा० अच्युतानंद	यातायात व्यवस्था ठीक करना	1304/14/8/2013	
2	ग-2	श्री रामलखनराम "रमण"	कब्रिस्तानों की घेराबंदी	1305/14/8/2013	
3	ग-3	सजयसिंह "टाइगर"	राशि [illegible] उपलब्ध कराना	1303/14/8/2013	
4	ग-4	श्री सुरेन्द्र प्रसाद सिंहा	कब्रिस्तान की घेराबंदी	1306/14/8/2013	
5	ग-5	श्री अवनीश कुमार सिंह	कार्रवाई करना	1301/14/8/2013	
6	ग-6	श्री सोमप्रकाश सिंह	जाँच करना	1303/14/8/2013	
		अल्पसंख्यक कल्याण			
7	अ-2	मो० आफाक आलम	भवन का निर्माण	1297/14/8/2013	
		कृषि विभाग			
8	कृ-1	श्री पवन कुमार जायसवाल	दोषी पर कार्रवाई	1298/14/8/2013	
		गन्ना उद्योग			
9	ईख-1	श्री राम प्रवेश राय	बकाये का भुगतान	1296/14/8/2013	
		उद्योग विभाग			
10	उ-1	श्री सुबोध राय	उपलब्ध कराना	1300/14/8/2013	
		निर्वाचन विभाग			
11	नि-1	श्रीमती भागीरथी देवी	कार्रवाई करना	1299/14/8/2013	

यातायात व्यवस्था ठीक करना

(1) डॉ० अच्युतानन्द, स०वि०स० से प्राप्त अतारांकित प्रश्न ।

संख्या-ए-1, दैनिक समाचार पत्र के दिनांक 1 मई, 2013 के अंक में छपी खबर "राजधानी में अपराध से नहीं ट्रैफिक जाम से लगता है डर" शीर्षक के आलोक में क्या मंत्री गृह (आरक्षी) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि :-

(1) क्या यह बात सही है कि राज्य के व्यवसायी राजधानी पटना में लग रहे जाम के कारण काफी भयभीत हैं और उनका व्यवसाय इसके कारण बन्द होने की स्थिति में है ;

(2) क्या यह बात सही है कि दिनांक-30 अप्रील, 2013 को चैम्बर ऑफ कामर्स की बैठक में पटना के ट्रैफिक एस.पी. ने यह स्वीकार किया कि पटना में ट्रैफिक सिस्टम टाउन प्लानिंग का प्राब्लम है ;

(3) यदि उपरोक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक है, तो सरकार नागरिकों की सुविधा हेतु यातायात व्यवस्था ठीक करने हेतु कबतक ठोस कार्रवाई करने का विचार रखती है और नहीं तो क्यों ?

कब्रिस्तानों की घेराबन्दी

(2) श्री राम लखन राम "रमण", स०वि०स० से प्राप्त अतारांकित प्रश्न ।

सं०-ए-2, क्या मंत्री, गृह (विशेष) विभाग यह बतलाने की कृपा करेंगे कि- मधुबनी जिलान्तर्गत राजनगर एवं अंधराठाढ़ी प्रखंड में गत 5 वर्षों में अबतक कितने कब्रिस्तानों की घेराबन्दी की गई है, ~~यदि हाँ तो~~ क्या सरकार सभी कब्रिस्तानों की घेराबन्दी कराना चाहती है, हाँ तो कबतक, नहीं तो क्यों ?

राशि उपलब्ध कराना

(3) श्री संजय सिंह टाइगर, स०वि०स० से प्राप्त अतारांकित प्रश्न ।
सं०-स-3, क्या मंत्री गृह (आरक्षी) विभाग यह बतलाने की कृपा करेंगे कि-

1. क्या यह बात सही है कि राज्य के नक्सल प्रभावित 23 जिलों में से अरवल, औरंगाबाद, गया, जहानाबाद, रोहतास, नवादा, कैमूर और मुंगेर को ही ग्रामीण विकास विभाग की ओर से मिलने वाली विशेष विकास राशि दी जा रही है, जबकि गृह मंत्रालय के अनुसार राज्य के पटना, नालन्दा, भोजपुर, पश्चिमी चम्पारण, सीतामढ़ी, बांका, लखीसराय, बेगुसराय और खगड़िया जिले भी नक्सल प्रभावित जिले हैं,

2. क्या यह बात सही है कि भोजपुर जिला नक्सलवादी आन्दोलन का केन्द्र रहा है और पूर्णतः नक्सल प्रभावित है,

3. यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं तो क्या सरकार भोजपुर जिले को भी नक्सल प्रभावित जिला घोषित कर उसे उसके अनुरूप सहायता राशि उपलब्ध कराने का विचार रखती है, यदि हाँ तो कबतक, नहीं तो क्यों ?

कब्रिस्तान की घेराबन्दी

(4) श्री सुरेन्द्र प्रसाद सिन्हा, स०वि०स० से प्राप्त अतारांकित प्रश्न ।
सं०-स-4, क्या मंत्री, गृह (विशेष) विभाग यह बतलाने की कृपा करेंगे कि- क्या यह बात सही है कि गया जिला अन्तर्गत प्रखंड गुराड़ में कोरियोना की कब्रिस्तान की घेराबन्दी नहीं की गई है, यदि हाँ तो क्या सरकार उक्त कब्रिस्तान (कोरियोमा) की घेराबन्दी कार्य कराने का विचार रखती है, यदि हाँ तो कबतक, नहीं तो क्यों ?

कार्रवाई करना

(5) श्री अवनीश कुमार सिंह, ~~स०वि०स० से प्राप्त अतारांकित प्रश्न~~।

सं०-ए-5, प्रभात खबर, दिनांक-9.7.13 में प्रकाशित समाचार शीर्षक "नजरअंदाज किये गये गृह मंत्रालय के टिप्स" के आलोक में क्या मंत्री, गृह आरक्षी विभाग यह बतलाने की कृपा करेंगे कि----

1. क्या यह बात सही है कि अंतर्राष्ट्रीय महत्व के महाबोधि मंदिर पर आतंकी हमले की आशंका के मद्देनजर गृह मंत्रालय ने वर्ष-2012 में ही आतंकी हमलों से बचने और बाद की परिस्थितियों में निपटने हेतु गृह विभाग और गया पुलिस को 64 पेज का एक हैंडबुक उपलब्ध कराया था,

2. क्या यह बात सही है कि उपरोक्त हैंडबुक पर कोई वर्क-आउट नहीं किये जाने के कारण महाबोधि मंदिर, बोध गया पर दिनांक-7.7.2013 को आतंकी घटना घटी,

3. यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं तो इस तरह की शिथिलता के लिये सरकार कौन सी कार्रवाई करने का विचार रखती है?

जाँच कराना

श्री सोम प्रकाश सिंह, ~~स०वि०स० से प्राप्त अतारांकित प्रश्न~~।

(6) ~~सं०~~-ए-6, क्या मंत्री, गृह (आरक्षी) विभाग यह बतलाने की कृपा करेंगे कि-

1. क्या यह बात सही है कि औरंगाबाद जिलान्तर्गत देवेन्द्र कुमार उर्फ छोटू मुखिया हत्या से संबंधित हसपुरा कांड संख्या क्रमशः 91/12 दिनांक-10.12.2012, 11/13, 52/13 एवं कांड संख्या-61/13 झूठा मुकदमा दर्ज किया गया है?

2. क्या यह बात सही है कि पुलिस प्रशासन के द्वारा सही ढंग से जाँच नहीं किया गया है, जिसके चलते वहाँ के स्थानीय निवासी को परेशानी हो रही है,

3. क्या यह बात सही है कि छोटू मुखिया के हत्या के बाद फर्जी मुकदमा के द्वारा स्व० छोटू मुखिया की पत्नी एवं स्थानीय निवासी की छवि धूमिल किया जा रहा है,

4. यदि उपरोक्त खंडों के उत्तर सही है, तो क्या सरकार इस कांड की सी०बी०आई० या उच्च स्तरीय कमिटी से जाँच कराने का विचार रखती है, यदि हाँ तो कबतक, नहीं तो क्यों?

भवन का निर्माण

श्री मो0 आफाक आलम, स0वि0स0 से प्राप्त अतारांकित प्रश्न ।

(7) संख्या-ल-2, क्या मंत्री, पर्यटन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि :-

1। क्या यह बात सही है कि पूर्णिया जिलान्तर्गत फकरतकिया मजार का चाहरदीवारी नहीं है एवं मजार का कार्यालय नहीं है ;

2। क्या यह बात सही हैकि चाहरदीवारी एवं मजार का कार्यालय नहीं होने से जमीन का अतिक्रमण हो रहा है ;

3।यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक है तो क्या सरकार उक्त मजार का चाहरदीवारी एवं मजार का कार्यालय हेतु भवन का निर्माण करने का विचार रखती है, नहीं तो क्यों ?

दोषी पर कार्रवाई

श्री पवन कुमार जायसवाल, स0वि0स0 से प्राप्त अतारांकित प्रश्न ।

(8) सं0-कारा-1, क्या मंत्री, गृह कारा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि-

1. क्या यह बात सही है कि बिहार राज्य के सीतामढ़ी, मुजफ्फरपुर, बेतीया, मोतिहारी सहित अन्य कारा में कैदियों का भोजन इत्यादि बनाने में घरेलू गैस सलेन्डर का प्रयोग किया जा रहा है,

2. क्या यह बात सही है कि कारा नियमन के अनुसार कैदियों को खाना बनाने हेतु व्यवसाईक गैस सलेन्डर का प्रयोग करना है,

3. यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं तो सरकार कारा में घरेलू गैस सलेन्डर का उपयोग करने के सम्बंध में जांच कराकर दोषी पर कार्रवाई करने का विचार रखती है, यदि हाँ तो कबतक, नहीं तो क्यों ?

(9) बकाये का भुगतान।

श्री राम प्रवेश राय, स०वि०स० से प्राप्त अतारांकित प्रश्न।

संख्या-ई०बी०, (क्या मंत्री, गन्ना उद्योग विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि :-

1। क्या यह बात सही है कि राज्य के गोपालगंज एवं सासामुसा चीनी मिलों में गन्ना किसानों का पेराई सत्र-2012-13 का करोड़ों रूपये गन्ना मूल्य अभी तक बकाया है ;

2। क्या यह बात सही है कि गन्ना मूल्य का भुगतान नहीं होने के कारण किसानों को खेती और अन्य कार्य करने में काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है

3। यदि उपरोक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक है तो क्या सरकार गन्ना किसानों के बकाये मूल्य का भुगतान ब्याज के साथ शीघ्र कराने का विचार रखती है, यदि हाँ तो कबतक, नहीं तो क्यों ?

-----

(10) आर्थिक सहायता उपलब्ध कराना

श्री सुबोध राय, स०वि०स० से प्राप्त अतारांकित प्रश्न।

संख्या-ऐ-1, (क्या मंत्री, उद्योग विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि :-

1। क्या यह बात सही है कि भागलपुर के रेशमी, सूती और सिल्क वस्त्रों की चमक देश दुनिया में खूब रही ;

2। क्या यह बात सही है कि हर समुदाय के परिवार इस उद्योग से अपना जीविकोपार्जन किया करते रहे हैं ;

3। क्या यह बात सही है कि विगत कई वर्षों से सरकारी असहयोग, आर्थिक अभाव एवं सरकारी प्रोत्साहन की कमी से इसके उत्पादन में काफी कमी आई है ;

4। यदि उपरोक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक है तो क्या सरकार उत्पादन बढ़ाने के लिए सरकारी सहयोग, आर्थिक सहायता एवं सामग्री उपलब्ध कराने का विचार रखती है, नहीं तो क्यों ?

कारवाई करना

(11)

श्रीमती भागीरथी देवी, ~~स०वि०स० से प्राप्त अतारांकित प्रश्न~~। संख्या-नि-1, दिनांक-07.06.13 को स्थानीय हिन्दी दैनिक समाचार पत्र में प्रकाशित "फंस सकते हैं नरकटियागंज व गौनाहा के बी.डी.ओ." शीर्षक को ध्यान में रखते हुए क्या मंत्री, निर्वाचन विभाग, यह बतलाने का कृपा करेंगे कि :- क्या यह बात सही है कि बेतिया जिला के नरकटियागंज एवं गौनाहा प्रखंडान्तर्गत मतदाता सूची में फर्जी रूप से 190 आवेदकों द्वारा उम्र बढ़ाकर पेंशन लाभ लेने संबंधी फर्जीवाड़ा एस.डी.एम. द्वारा भंडाफोड किये जाने संबंधी प्रतिवेदन जिलाधिकारी को भेजे जाने के बावजूद अबतक कोई कार्रवाई नहीं हुई है, यदि हाँ तो क्या सरकार फर्जी रूप से पेंशन लाभ लेने वाले आवेदकों एवं संबंधित कर्मियों के विरूद्ध कार्रवाई करने का विचार रखती है, नहीं तो क्यों ?